cies, year-wise, Corporation-wise and State-wise, during the above period; and

(c) what further steps are being taken by Government to see that gas agencies do not force customers to purchase hot plates from them?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

(c) The customers are at liberty to purchase hot plate from any source provided it bears ISI mark for reasons of safety. The distributors have standing instructions not to insist on purchase of hot plate and are required to display a notice in their showrooms that it is obligatory for a customer to purchase hot plate from the distributor releasing the connection. Basides, the Marketing Discipline Guidelines also, *inter-alia* provide for penal action against those distributors who indulge in such malpractices.

मध्य प्रदेश में रिचोलोन क्रेकर यूनिट की स्थापना

678. **श्री अजीत जोगी** : क्या **उद्योग** मंत्री 8 मई, 1989 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 186 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में गैस क्रेकर तथा पोलीप्रोपीलीन यूनिट की स्थापना के विषय में अंतिम निर्णय ले लिया जा चुका है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा उद्योग मंत्रालय में रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी० नामग्याल) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को मंजूर किए गए पेट्रोल पम्प और गैस एजेंन्सियां

679. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को कितने पेट्रोल पम्प और गैस एजेंन्सियां मंजूर की गई ;

(ख) क्या यह संख्या निर्धारित कोटे के अनुरूप है; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिये किन-किन स्थानों पर इस प्रकार की एजेंसियां मंजूर की गई है अथवा मंजूर किये जाने का विचार है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) तेल कम्पनियों द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान मार्च, 1989 तक मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की श्रेणियों में व्यक्तियों को तेल कम्पनियों द्वारा निम्नलिखित संख्या में खुदरा बिक्री केन्द्र और एल पी जी वितरण केन्द्र दिये हैं:—

	एस सी	एस टी	जोड़
खुदरा बिक्री केन्द्र	7	11	18
एल पी जी वितरण केन्द्र	3	6	9

(ख) जी हां। वर्ष 1980-81 से विपणन योजनाओं के आरम्भ होने से तेल उद्योग राज्य-वार आधार पर पेट्रोलियम उत्पादों की डीलरशिपों/विपणन केन्द्रों के लिये 25 प्रतिशत का आरक्षण बनाये हुये हैं।

(ग) अप्रैल-जून, 1989 की अवधि के दौरान मारवाड़ा-कटनी में "अनुसूचित जनजाति" श्रेणी के एक व्यक्ति को एक एल पी जी वितरण केन्द्र दिया गया है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के व्यक्तियों को 20 खुदरा बिक्री केन्द्र (1987-88 तक की खुदरा विपणन योजना) और 13 एल पी जी वितरण केन्द्र (1988-89 तक की एल पी जी विपणन योजना) देने की तेल कम्पनियों की योजनाएं हैं।

डीलरशिप/वितरण केन्द्रों को देने से पूर्व उठाये जाने वाले विभिन्न कदमों को देखते हुये यह कहना संभव नहीं है कि कब तक ये वास्तव में दे दिये जायेंगे।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड में पदोन्नतियों के मामलों में अनियमितताएं

680. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड में कर्मचारियों तथा अधिकारियों विशेषत : अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों तथा अधिकारियों को पदोन्नति के मामले में अनियमितताएं बरती गई हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनुसूचित जातियों के इन कर्मचारियों ने जब अपने वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया तो उन्हें सुदूर स्थानों पर स्थानान्तरित कर दिया गया ; और

(ग) ऐसे कितने मामले विशेषत: दिल्ली स्थित कार्यालयों में हुये मामले, प्रकाश में आये हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं ये स्थानान्तरण भारत में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. के आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालयों के नियंत्रणाधीन भौगोलिक क्षेत्रों में हैं।

(ग) उपर्युक्त (ख) को देखते हुये प्रश्न नहीं उठता।

Increase in the price of gas

681. SHRI CHIMANBHAI MEHTA; Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the Gujarat Government has sent any proposal for reduction in the price of the gas sold in Gujarat, ;

(b) how many times the price of gas has been increased during the last thirty years;

(c) what was the price of gas initially fixed and what were the guidelines for increase in its price; and

(d) what are the international norms for fixing up prices of gas?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) The Government of Gujarat had made certain suggestions regarding the manner in which prices of natural gas should be fixed.

(b) and (c) The prices of natural gas were fixed by Government of India for the first time in January 1987. The prices have not been increased since then.